Edit with WPS Office

## सहभागिता से ही होगा ग्रामीण जल प्रबंधन



**मदनगंज-किशनगढ़।** जल जीवन मिशन को लेकर राजीव गांधी सेवा केन्द्र देवपुरी व चौसला में मंगलवार को एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला व प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। सरपंच हरिराम चुंडीवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं व समुदाय की सहभागिता से ही ग्रामीण क्षेत्र में जल प्रबंधन सार्थक साबित होगा। सलाहकार एचआरडी रीता चतुर्वेदी ने जल जीवन मिशन की अवधारणा, ध्येय, उद्देश्य, उसके लक्ष्य, जल संचय व जल सरंक्षण करते हुए ग्रामीण जल योजना के सफल निर्माण व क्रियान्वयन के लिए टीम के रुप में कार्य करने को कहा। चतुर्वेदी ने बताया कि ग्राम जल, स्वच्छता व पोषण समिति के सदस्यों को जल जीवन मिशन की गाइडलाइन के अनुसार हर घर नल से जल की कार्ययोजना के लिए प्रेरित किया। सहायक अभियंता ग्रामीण कैलाश चौधरी ने हर घर नल से जल की तकनीकी पहलुओं सहित ग्रामीण स्तर पर जनसहभागिता से योजना का संचालन करने सहित अन्य बिन्दुओं की जानकारी दी। सरपंच चुंडीवाल ने ग्रामीण सहभागिता से धन संग्रह कर बैंक खाता खुलवाने, तथा जल योजना के क्रियान्वयन में अधिकाधिक महिलाओं व समुदाय की सहभागिता पर जोर दिया। कनिष्ठ अभियंता आकाश शर्मा ने हर गांव में विलेज एक्शन प्लान को लेकर तैयार रहने, गांव में स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सीख दी। इस दौरान अनेक गणमान्यजन मौजूद थे।

**जलदाय विभाग की आमुखीकरण कार्यशाला**









जिला – अजमेर    पंचायत समिति – अरांई ग्राम पंचायत – देवपुरी

ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति – देवपुरी एवं चौसला प्रशिक्षण दिनांक 23–03–2021

Edit with WPS Office

## आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**मसूदा @ पत्रिका.** ग्राम शेरगढ़ में गुरुवार को जल जीवन मिशन के तहत एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान जल के महत्व को लेकर चर्चा की गई। ग्राम शेरगढ़ के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर सम्पन्न हुई आमुखीकरण कार्यशाला के दौरान केन्द्र सरकार की महत्ती योजना जल जीवन मिशन को लेकर इसमें जन भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर ग्राम जल स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पोषण समिति की कार्यशाला उपसरपंच कैलाश चंद की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान सदर्भ व्यक्ति रीता चतुर्वेदी ने जल मिशन को लेकर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान जलदाय विभाग के सहायक अभियंता अक्षय गुप्ता ने सरकार की योजना को लेकर जानकारी दी। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी, वार्डपंच एवं 35 ग्रामीण मौजूद थे।

## जल जीवन मिशन योजना के तहत हुई आमुखीकरण कार्यशाला हर घर मे नल कनेक्शन पहुचाने का लक्ष्य

**मसुदा (हुक्मनामा समाचार)**। पंचायत समिति मसूदा के ग्राम शेरगढ व फतहगढ़ स्थित परिसर में सरपंच की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें केंद्र सरकार की महती योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत जन भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम जल स्वच्छता स्वास्थ्य व पोषण समिति की आमुखीकरण कार्यशाला एवं प्रशिक्षण शिविर।

राजीव गांधी सेवा केंद्र पर आयोजित कार्यशाला में जल जीवन मिशन की अवधारणा प्रस्तुत की गई कार्यशाला में सलाहकार रीता चतुर्वेदी द्वारा जल जीवन मिशन की अवधारणा दिए।

लक्ष्य जल संचय व जल संरक्षण करते हुए ग्रामीण जल योजना के तहत सफल निर्माण में किर्यान्वयन के लिए टीम वर्क के रूप में कार्य करने की बात समझाई उन्होंने ग्राम स्वच्छता वह पोषण समिति के सदस्यों को जल जीवन मिशन की गाइडलाइन के अनुसार हर घर नल से जल की कार्य योजना के तहत प्रेरित किया सरपंच ने बताया कि यह योजना ग्राम वासियों के लिए घर-घर में जल पहुंचाने का सुनहराअवसर है।

कार्यशाला में ग्राम विकास अधिकारी वार्ड पंच ए एन एम डाक्टरशिक्षकआशा सहयोगिनी स्वयं सहायता समूहके सदस्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया सहायक अभियंता अजय गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण में धन संग्रह कर बैंक खाता खुलवाने एवं जल योजना के क्रियान्वयन के अधिक से अधिक महिलाओं एवं सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की गई ।





जिला – अजमेर पंचायत समिति – मसूदा ग्राम पंचायत – शेरगढ़

ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति – शेरगढ़ एवं फतेहगढ़ प्रशिक्षण दिनांक 25-03-2021

Edit with WPS Office

# जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत शिवपुर घांटा पर आमुंखीकरण का आयोजन



मसूदा (ओम भास्कर ब्यूरो) केंद्र सरकार की महती योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत जन भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम जल स्वच्छता, स्वास्थ्य, व पोषण समिति का आमुखीकरण कार्यशाला एवं प्रशिक्षण दिनांक 24-3- 2021 को पीएचइडी द्वारा ग्राम रूपाहेली कलां व रूपाहेली खुर्द के लिए ग्राम रा. मा. विद्यालय शिवपुर घाटा स्थित विद्यालय परिसर में सरपंच महेंद्र काठात की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें वार्ड पंच, ग्राम विकास अधिकारी,एएनम, अध्यापक आशा सहयोगिनी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता स्वयं सहायता समूह तथा अन्य प्रतिनिधि ने भाग लिया। आमुखी करण कार्यशाला संदर्भ में रीता चतुर्वेदी सलाहकार एचआरडी, द्वारा समिति सदस्यों को जल जीवन मिशन की अवधारणा उद्देश्य उसके लक्ष्य जल संरक्षण एवं जल संचय करते हुए ग्रामीण जल योजना सफल निर्माण एवं क्रियान्वयन के लिए टीम वर्क के कार्य करने के लिए प्रेरित किया।इस प्रशिक्षण में 35 लोगों द्वारा भाग लिया गया ग्राम पंचायत के सरपंच महेंद्र काठात द्वारा स्वच्छ भारत मिशन उद्देश्य एवं ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन से संबंधित जानकारी दी गई।







जिला – अजमेर पंचायत समिति – मसूदा ग्राम पंचायत – शिवपुरा घाटा
ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति – रूपाहेली कला एवं रूपाहेली खुर्द प्रशिक्षण दिनांक 24–03–2021